Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 29 ▫ अंक- 37 ▫ रायपुर, शनिवार 28 फरवरी 2026 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98




**उड़ेंगे होली के गुलाल**

## मुख्यमंत्री ने जारी किया किसानों के धान की 10,324 करोड़ राशि



**रायपुर/धमतरी,** 28 फरवरी (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शनिवार को बिलासपुर के बिल्हा में राज्य स्तरीय किसान सम्मेलन में शामिल हुए। सीएम श्री साय ने किसानों के धान की अंतर की राशि 10 हजार 324 करोड़ रुपये जारी कर दिया है। जिसमें 25.28 लाख किसानों के खातों में यह राशि ट्रांसफर किया गया।

इधर **धमतरी संवाददाता** ने बताया कि इस वर्ष होली से पहले पूरे छत्तीसगढ़ सहित धमतरी जिले के 124423 धान उपार्जन करने वाले किसानों को बोनस राशि सीधे उनके बैंक खाते में आई । उप संचालक कृषि ने बताया कि धमतरी जिले के 124423 किसानों के खाते में 43477.20 लाख (434.772 करोड़) आयेंगे । राज्य सरकार ने निर्णय लिया है कि धान के अंतर की लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व प्रदेश के किसानों के खातों में अंतरित की गई।

**धमतरी जिले के 124423 किसानों के खाते में आई 434.77 करोड़ से अधिक की अंतर की राशि**

आज बिलासपुर जिले से इस राशि का अंतरण किया गया और पूरे प्रदेश के विकासखंडों में इसे उत्सव की तरह मनाया गया.उत्सव धमतरी नई कृषि उपज मंडी श्यामतराई सहित कुरूद में नई कृषि उपज मंडी ,मगरलोड में मधुबन धाम रांकाडीह, नगरी विकासखंड में कृषि उपज मंडी में कार्यक्रम आयोजित किया गया । इस वर्ष 25 लाख 24 हजार किसानों से 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई है। वही धमतरी जिले में 124423 किसानों से 59,64,994 क्विंटल धान की खरीदी की गयी है । जिसकी राशि 141437.62 लाख (1414.3762 करोड़) है। राज्य सरकार किसानों से प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से खरीद रही है, जो देश में सर्वाधिक है। सरकार के निर्णय अनुसार धान के अंतर की लगभग 10 हजार करोड़ रुपए से अधिक की राशि होली से पूर्व किसानों के खातों में अंतरित की गई.श्याम तराई मंडी मे आयोजित कार्याक्रम मे महापौर रामू रोहरा पिछड़ा वर्ग आयोग अध्यक्ष नेहरू निषाद कुंजलाल देवांगन रंजना साहू चेतन हिंदुजा दयाराम साहू महेंद्र पंडित राकेश साहू सहित बड़ी संख्या मे किसान उपस्थित रहे.

## इजरायल को ईरान ने दिया करारा जवाब
## 400 मिसाइलें दागीं, आसमान में धुआं-धुआं



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (न्यूज चैनल)। तेहरान पर हमले के बाद इजरायल-ईरान में जंग के हालात पैदा हो गए हैं. सेंट्रल तेहरान के यूनिवर्सिटी स्ट्रीट और जोमहूरी इलाके में कई मिसाइलें गिरी हैं. सरकारी मीडिया ने तेहरान में कम से कम 3 विस्फोटों की आवाजें सुने जाने की पुष्टि की है. इसी बीच ईरान ने अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है. देशभर में मोबाइल फोन सेवाएं बंद कर दी गई हैं. इजरायली हमले के बाद दक्षिणी तेहरान के इलाके से धुआं उठता देखा गया है.

ईरान पर हमले के बाद इजरायल में हालात तनावपूर्ण हो गए हैं. इजरायल डिफेंस फोर्स ने बताया कि पूरे देश में सायरन बजाए गए हैं. इसके अलावा मोबाइल पर एडवांस अलर्ट भेजकर लोगों को सुरक्षित स्थानों के पास रहने को कहा गया है. बताया जा रहा है कि इजरायल ने भी अपना एयरस्पेस बंद कर दिया है. सूत्रों के अनुसार इजरायल के ईरान पर हमलों में अमेरिकाभी भाग ले रहा है. इजरायल के रक्षा मंत्री इजरायल काट्ज ने कहा है कि उनके देश ने ईरान पर हमला किया है और आपातकाल की घोषणा कर दी गई है. ढ्ढष्ठस्न ने बताया कि ये एक प्रोएक्टिव अलर्ट है, ताकि जनता को इस संभावना के लिए तैयार किया जा सके कि इजरायल की ओर मिसाइलें दागी जा सकती हैं. इजरायली सेना ने दोहराया कि जनता से अपील है कि वो सुरक्षित स्थानों के पास ही रहें. इजरायली आर्मी ने घोषणा की है कि देशभर के स्कूल-कॉलेज बंद रहेंगे, सार्वजनिक समारोहों पर रोक लगा दी गई है और लोगों को वर्क फ्रॉम होम करने की सलाह दी गई है.

## हथियार डालें या मौत का सामना करें : ट्रंप



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के खिलाफ अब तक का सबसे कड़ा रुख अपनाते हुए उसे एक सीधी और सख्त चेतावनी दी है। अमेरिका और इस्राइल की ओर से ईरान पर किए गए एक बड़े संयुक्त सैन्य हमले के बाद ट्रंप ने ईरान से साफ शब्दों में कहा है कि वह %अपने हथियार डाल दे या फिर निश्चित मौत का सामना करे%। यह बड़ी सैन्य कार्रवाई मुख्य रूप से ईरान को उसके परमाणु कार्यक्रम को फिर से शुरू करने और मिसाइल विकसित करने से रोकने के लिए की गई है। आइए जानते हैं डोनाल्ड ट्रंप के बयान की बड़ी बातें। ट्रंप ने इस पूरे घटनाक्रम और अमेरिकी रणनीति की जानकारी अपने आधिकारिक सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रुथ सोशल के जरिए दी। एक वीडियो संदेश साझा करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति ने ईरान पर हुए अमेरिका-इस्राइल के संयुक्त हमले की आधिकारिक पुष्टि की। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि ईरान की परमाणु महत्वाकांक्षाओं को किसी भी कीमत पर पूरा नहीं होने दिया जाएगा। ट्रंप ने अपने संदेश में कड़ी चेतावनी देते हुए कहा, ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं कर सकता और अमेरिका उसके परमाणु ठिकानों को पूरी तरह नष्ट कर देगा। अमेरिका के राष्ट्रपति ने कहा कि अमेरिका के लोगों को ईरान के खतरनाक लोगों से बचाना है। 47 वर्षों से ईरानी शासन दुनिया और अमेरिका के निर्दोष लोगों को लिए खतरा बना हुआ है। अमेरिका के लोगों को ईरान के खतरनाक लोगों से बचाना है। 47 वर्षों से ईरानी शासन दुनिया और अमेरिका के निर्दोष लोगों को लिए खतरा बना हुआ है। ईरान दुनिया का सबसे बड़ा राज्य समर्थित आतंकवाद का पोषक देश है।

### ब्रेकिंग न्यूज

## मणिपुर में प्रतिबंधित संगठन के 4 उग्रवादी गिरफ्तार

**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (न्यूज चैनल)। मणिपुर के विभिन्न जिलों से सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन प्रीपैक (पीआरओ) से जुड़े चार उग्रवादियों को जबरन वसूली की गतिविधियों में कथित संलिप्तता में गिरफ्तार किया है। पुलिस ने शनिवार को एक बयान में यह जानकारी दी। बयान के अनुसार, इन उग्रवादियों को पिछले 48 घंटों के दौरान गिरफ्तार किया गया। इंफाल पश्चिम जिले में बृहस्पतिवार को क्षत्रिमयुम लाइबा मेइती (42) को लामदेंग खुनू स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। उसी दिन संगठन के एक अन्य सदस्य को खुमान लाम्पक क्षेत्र से पकड़ा गया। सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को थौबल जिले के उयाल मखा लेइकाई क्षेत्र से संगठन के एक अन्य सदस्य को गिरफ्तार किया, जिसकी पहचान थोकचोम रबीचंद्र सिंह (36) के रूप में हुई है। पुलिस के बयान के अनुसार, संगठन के एक अन्य सदस्य खुरैजाम रोजितकुमार सिंह (37) को इंफाल पूर्व जिले के थोंगजू पार्ट-द्वितीय मखा लेइकाई स्थित उसके आवास से गिरफ्तार किया गया। इस बीच, सुरक्षा बलों ने बृहस्पतिवार को चुराचंदपुर जिले के थिंगहिजांग गांव में एक अभियान के दौरान एक मैगजीन सहित एक एके-47 राइफल, तीन सिंगल-बैरल राइफलें, एक बोल्ट-एक्शन राइफल और स्कोप से लैस बोल्ट-एक्शन स्नाइपर राइफल जब्त की.




**चूहा- सुनती हो, केजरीवाल कह रहे हैं आज चुनाव हुए और भाजपा को 10 सीटें भी मिल गई तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा।**
**चुहिया- हां जी, लेकिन केजरीवाल ही तो कहते हैं कि मैं पॉलिटिकल व्यक्ति नहीं हूं।**

## मकान में अवैध हुक्का बार का भंडाफोड़, 500 रुपए लेकर युवाओं को परोसा जा रहा था नशा, संचालक समेत 5 आरोपी गिरफ्तार



**बिलासपुर,** 28 फरवरी (हाईवे चैनल)। बिलासपुर के सरकंडा थाना पुलिस ने राजकिशोर नगर क्षेत्र में एक मकान में संचालित अवैध हुक्का बार पर छापेमार कार्रवाई करते हुए संचालक सहित पांच युवकों को पकड़ा है. मौके से हुक्का सामग्री, तंबाकू युक्त फ्लेवर और नगदी रकम जब्त की गई है. आरोपियों के खिलाफ सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम 2003 की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है. मामले में 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

जानकारी के अनुसार, 26 फरवरी की रात सूचना मिली कि आर्यन पब्लिक स्कूल के पास स्थित अथर्व पाण्डेय के मकान में अवैध रूप से हुक्का बार संचालित किया जा रहा है. यहां युवाओं को सिगरेट-तंबाकू युक्त फ्लेवर मिलाकर 500 रुपये प्रति घंटे की दर से हुक्का पिलाया जा रहा था. सूचना पर थाना सरकंडा की टीम ने गवाहों के साथ मौके पर घेराबंदी कर रेड कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान किन्सु विश्वास (18) निवासी पैसपिक अपार्टमेंट तोरवा, यथार्थ कश्यप (18) निवासी जोरापारा सरकंडा और समीर पटेल (19) निवासी राजकिशोर नगर सरकंडा को हुक्का पीते पाया गया. वहीं विनित एलानी (24) निवासी रामकृष्ण एन्क्लेव सीपत चौक सरकंडा मौके पर मैनेजर के रूप में हुक्का पिलाते मिला. पूछताछ में युवकों ने बताया कि संचालक अथर्व शंकर पाण्डेय उर्फ शुभ उर्फ चिकू (18), निवासी राजकिशोर नगर सरकंडा और विनित एलानी मिलकर 500 रुपये प्रति घंटे की दर से हुक्का पिलाते थे. पुलिस ने मौके से 2 हुक्का पॉट, 1 कोल हीटर, हुक्का फ्लेवर (रसीली ब्रांड), सिल्वर फॉयल, नोजल पैकेट, कोल छननी सहित अन्य सामान जब्त किया. साथ ही मैनेजर के कब्जे से 4000 रुपये नगद बरामद किए गए। पुलिस ने संचालक और मैनेजर को वैध लाइसेंस व दस्तावेज प्रस्तुत करने नोटिस दिया, लेकिन वे कोई वैध अनुमति प्रस्तुत नहीं कर सके. इसके बाद सिगरेट और अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया. पुलिस ने बताया कि आरोपियों को वैधानिक प्रावधानों के तहत नोटिस देकर विवेचना में सहयोग करने की हिदायत दी गई है.

## दिवंगत अजित पवार और डिप्टी सीम सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत, 25000 करोड़ के घोटाले में क्लीन चिट



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (न्यूज चैनल)। विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा की दिवंगत उपमुख्यमंत्री की सी-समरी रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया है। इससे अजित पवार समेत उन सभी राजनीतिक नेताओं को राहत मिली, जिसका नाम इस घोटाले में शामिल था। अदालत ने क्लोजर रिपोर्ट को मंजूरी देते हुए कहा कि कथित 25,000 करोड़ रुपये के घोटाले के मामले में कोई दंडनीय अपराध साबित नहीं हुआ है। मुंबई की एक विशेष अदालत ने आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) द्वारा 25,000 करोड़ रुपये के महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) मामले में दायर की गई क्लोजर रिपोर्ट को स्वीकार कर लिया, जिससे महाराष्ट्र की उपमुख्यमंत्री सुनेत्रा पवार, दिवंगत उपमुख्यमंत्री अजीत पवार और इस मामले में 70 से अधिक अन्य लोगों को क्लीन चिट मिल गई।

## बोलीविया में नोटों से भरा विमान दुर्घटना का हुआ शिकार, 15 लोगों की मौत



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (न्यूज चैनल)। दक्षिण अमेरिकी देश बोलीविया में शुक्रवार (27 फरवरी) को बड़ा हादसा हो गया. राजधानी ला पाज के पास स्थित एल अल्टो शहर में बोलीविया एयरफोर्स का हरक्यूलिस सी 130 विमान दुर्घटना का शिकार हो गया. इस हादसे में 15 लोग मारे गए और कम से कम 30 अन्य घायल हो गए. घटना के कई वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं.

यह हादसा शाम करीब 6 बजे स्थानीय समय पर हुआ. बताया जा रहा है कि विमान लैंडिंग या टेक ऑफ के दौरान रनवे से फिसल गया. इसके बाद वह एयरपोर्ट की बाउंड्री मेश तोड़ते हुए सड़क पर जा गिरा. विमान कई कारों और दूसरे वाहनों से टकरा गया. टक्कर इतनी तेज थी कि कई वाहन पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गए. दमकल प्रमुख पावेल टोवर ने यह स्पष्ट नहीं किया कि मृतक विमान में थे या शहर के हवाई अड्डे के पास राजमार्ग पर क्षतिग्रस्त कारों में थे. रिपोर्ट्स में कहा गया है कि यह विमान नए बैंक नोट देश के अलग अलग हिस्सों में पहुंचाने जा रहा था. हादसे के बाद सड़क पर नोट बिखर गए. मौके पर मौजूद लोगों ने इसका वीडियो भी बनाया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है. स्थानीय अधिकारियों के अनुसार, सैन्य विमान ने इससे पहले सांता क्रूज़ शहर से उड़ान भरी थी और एल ऑल्टो में रनवे से फिसलकर पास की एक सड़क पर उतरने के बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गया था. स्थानीय मीडिया आउटलेट यूनिटेल ने बोलिवियाई रक्षा मंत्रालय का हवाला देते हुए कहा कि विमान देश के आंतरिक हिस्सों में मुद्रा ले जा रहा था. राष्ट्रीय एयरलाइन बोलिवियाना डी एविएशन ने एक बयान में कहा कि दुर्घटना के बाद एल अल्टो अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था, और यह भी बताया कि दुर्घटना में शामिल विमान उसके बेड़े का हिस्सा नहीं था.

## 48 साल का लंबा इंतजार खत्म! जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार का खुलेगा रहस्य



**नई दिल्ली,** 28 फरवरी (न्यूज चैनल)। ओडिशा के पुरी स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री जगन्नाथ मंदिर के रत्न भंडार को लेकर एक ऐतिहासिक खबर सामने आ रही है। करीब 48 सालों के लंबे इंतजार के बाद, महाप्रभु के अमूल्य खजाने की गणना और उसकी वास्तविक स्थिति जानने का रास्ता साफ हो गया है।

रत्न भंडार की गणना की प्रक्रिया को अंतिम रूप देने के लिए 2 मार्च 2026 को मंदिर प्रबंधन समिति की एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई गई है। इस बैठक में ज्योतिषीय गणना और मंदिर की परंपराओं के अनुसार वह शुभ मुहूर्त तय किया जाएगा, जब आभूषणों की गिनती शुरू होगी। हाल ही में राज्य सरकार द्वारा स्वीकृत 14 पन्नों के स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर को लागू करने की कार्ययोजना पर चर्चा होगी। रत्न भंडार की आखिरी आधिकारिक गणना 1978 में हुई थी। हालांकि 2024 में भंडार को मरम्मत के लिए खोला गया था, लेकिन आभूषणों की विस्तृत सूची और क्रॉस-वेरिफिकेशन का काम अब 2026 में होने जा रहा है। गणना पहले बाहरी भंडार की होगी और उसके बाद आंतरिक भंडार के रहस्यों और खजाने की जांच की जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी और खजाने का एक डिजीटल केटलॉग तैयार किया जाएगा ताकि भविष्य के लिए पारदर्शिता बनी रहे।

गणना के लिए खास इंतजाम किए गए हैं। रत्न विशेषज्ञ इस टीम का हिस्सा होंगे। गणना में शामिल होने वाले सभी सदस्यों को गोपनीयता की शपथ लेनी होगी। मंदिर प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि खजाने की गिनती के दौरान भक्तों के दर्शन और मंदिर की दैनिक रस्मों में कोई बाधा नहीं आएगी। 1978 के पुराने रिकॉर्ड के अनुसार, इस भंडार में 128 किलो से अधिक सोना और 221 किलो चांदी के आभूषणों के साथ-साथ बेशकीमती हीरे, माणिक और नीलम मौजूद हैं, जो सदियों से राजाओं और भक्तों द्वारा महाप्रभु को अर्पित किए गए हैं।